अशोकनामा

# Ashoknaama




Volume 1 | Issue 11 | Oct-December 2020-21

www.itdc.co.in

India Tourism Development Corporation Ltd.

# From the desk of C&MD



Towards a new era of hospitality

Greetings from ITDC!

2021 ushers in the prospects of a strong recovery. With India approving two COVID vaccines, the travel and tourism industry is full of renewed hope and vigor for a major revival. Tourism recovery would be largely driven by the domestic sector, with Indian population aspiring to travel for both business and leisure.

While leading the industry towards the new era of hospitality, ITDC was a part of certain key developments and initiatives in the last quarter of 2020.

- A new catering unit at the Parliament House Complex was established which commenced operations from November 16, 2020. ITDC has taken over catering of the Parliament House and its annexes from Northern Railways, ending a five-decade-long legacy on one hand, while ushering in a new era of world class quality food and service for the Hon'ble MPs and officials of the Parliament.
- Ashok Institute of Hospitality & Tourism Management (AIHTM) is introducing an exclusive course to promote entrepreneurship in the Tourism & Hospitality Industry. Committed to job-preservation of youth passing out from hospitality colleges amid these trying times, the program will empower and enable the graduates to set up small enterprises, while also providing a workforce to fill certain niche opportunities in the catering domain.
- ITDC has signed an MOU with Andhra Pradesh State Skill Development Corporation (APSSDC) to set-up 'Centre of Excellence' with an aim to bridge the skill gap in the hospitality industry in the state, and has taken on the responsibility of designing and developing courses and curriculum, providing training to frontline workers and sharing knowledge expertise in setting up a Centre of Excellence.

All our verticals are making rigorous efforts to regain market space in the new normal and achieving pre-Covid levels of performance. With the Budget session of the Parliament around the corner, we are geared up to shoulder the prestigious responsibility that has been bestowed upon us. We look forward to remaining Atma-Nirbhar while leading the sector in a year of strong growth and increased stability.

We wish all our guests, stakeholders, partners and employees a very happy, healthy and prosperous New Year 2021.

**Jai Hind!!**

**G. Kamala Vardhana Rao, IAS**

Chairman & Managing Director

ITDC

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की डेस्क से



आतिथ्य के एक नए युग की ओर

*भारत विकास निगम की ओर से शुभकामनाएं!*

वर्ष 2021 सशक्त वापसी की संभावनाओं के साथ शुरू हुआ है। भारत द्वारा दो कोविड टीकों की मंजूरी के साथ, यात्रा एवं पर्यटन उद्योग बड़े स्तर पर पुनरुद्धार के लिए नए सिरे से आशा और जोश से भरा हुआ है। पर्यटन की वापसी, मुख्यतया भारतीय आबादी द्वारा व्यवसाय एवं अवकाश, दोनों के लिए यात्रा के इच्छुक घरेलू क्षेत्र द्वारा संचालित होगी।

आतिथ्य के नए युग की ओर उद्योग का नेतृत्व करते हुए, आईटीडीसी द्वारा 2020 की अंतिम तिमाही में कुछ प्रमुख विकास कार्य और पहल की गई हैं।

- संसद भवन परिसर में नए खानपान एकक की स्थापना की गई, जिसका प्रचालन 16 नवंबर, 2020 से शुरू हुआ। आईटीडीसी ने उत्तरी रेलवे की पांच-दशक-लंबी विरासत को समाप्त करते हुए, माननीय सांसदों तथा संसद के पदाधिकारियों के लिए विश्व स्तरीय गुणवत्ता वाले भोजन और सेवाओं के नए युग में प्रवेश करते हुए संसद भवन और इसकी एनेक्सियों के खानपान का कार्यभार ग्रहण किया।
- अशोक आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंध संस्थान (एआईएचटीएम), पर्यटन एवं आतिथ्य उद्योग में उद्यमिता के संवर्धन के लिए विशिष्ट पाठ्यक्रम शुरू कर रहा है। इन कठिन परिस्थितियों में आतिथ्य कॉलेजों से पास आउट होने वाले युवाओं के रोजगार-संरक्षण लिए प्रतिबद्ध यह कार्यक्रम स्नातकों को छोटे उद्यम स्थापित करने के योग्य और सक्षम करेगा और साथ ही खानपान क्षेत्र में कुछ विशिष्ट अवसरों के लिए कार्यबल प्रदान करेगा।
- आईटीडीसी ने आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) के साथ राज्य में आतिथ्य उद्योग में कौशल संबंधित अंतर को समाप्त करने के लिए के उद्देश्य से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और अग्रिम पंक्ति के कामगारों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम को तैयार और विकसित करने तथा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने में ज्ञान संबंधित विशेषज्ञता साझा करने का उत्तरदायित्व लिया है।

हमारे सभी कार्यक्षेत्र नए सामान्य वातावरण में बाजार की स्थिति को पुनः प्राप्त करने और कोविड-पूर्व निष्पादन के स्तरों को प्राप्त करने के लिए कड़े प्रयास कर रहे हैं। संसद के बजट सत्र के पास आने के साथ ही, हम इस प्रतिष्ठित उत्तरदायित्व के निर्वहन के लिए तैयार हैं, जो हमें सौंपा गया है। हम सशक्त वृद्धि और बढ़ती हुई स्थिरता के वर्ष में कार्यक्षेत्र का नेतृत्व करते हुए आत्मनिर्भर बने रहने के प्रति आशान्वित हैं।

हमारी ओर से हमारे सभी अतिथियों, स्टेकधारकों, साझीदारों और कर्मचारियों को सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध नववर्ष 2021 की शुभकामनाएं।

जय हिंद।

**जी. कमला वर्धन राव, आईएएस**

अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक

आईटीडीसी

# Quarter Highlights

## Itdc observes vigilance awareness week 2020

ITDC observed 'Vigilance Awareness Week', from October 27 to November 02, 2020.The theme 'Vigilant India – Prosperous India', the first day of the event began with an integrity pledge taking ceremony, which was conducted digitally. The ceremony was presided over by Shri GKV Rao, C&MD, ITDC along with Shri Piyush Tiwari, DCM, ITDC, CVO Shri B B Dash, Director, MoT, Govt. of India and ITDC staff and executives.






## AIH&TM conducted training for the officers of madhya pradesh tourism

ITDC training division, AIH&TM conducted hospitality training on 'Post Covid-19 operation' for senior executives of Madhya Pradesh State Tourism, with the objective of creating preparedness for infectious disease.

# तिमाही विशिष्ट

## आईटीडीसी ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2020 मनाया

आईटीडीसी ने 27 अक्टूबर से 02 नवंबर, 2020 तक 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया। विषय 'सतर्क भारत - समृद्ध भारत', इस आयोजन के पहले दिन की शुरुआत अखंडता प्रतिज्ञा समारोह के साथ हुई, जिसे डिजिटल रूप से संचालित किया गया। समारोह की अध्यक्षता श्री जी के वी राव, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, आईटीडीसी द्वारा की गई और साथ में श्री पीयूष तिवारी, डीसीएम, आईटीडीसी, सीवीओ श्री बी बी दाश, निदेशक, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और आईटीडीसी के कर्मचारी और अधिकारी उपस्थित थे।






## एआईएचएंडटीएम ने मध्य प्रदेश पर्यटन के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण संचालित किया

आईटीडीसी के प्रशिक्षण प्रभाग एआईएचएंडटीएम ने मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन के वरिष्ठ कार्यपालकों के लिए 'कोविड -19 के बाद प्रचालन' पर संक्रामक बीमारी के लिए तैयारी करने के उद्देश्य के साथ आतिथ्य प्रशिक्षण का आयोजन किया।

# Quarter Highlights

## Slogan writing competition held for the student of AIH&TM

A slogan writing competition was organised on the occasion of Vigilance Awareness Week at Ashok Institute of Hospitality & Tourism Management (AIH&TM). Highlighting their take on importance of vigilance, selected slogans by students such as "Vigilance of everyone is safety for all, Negligence of anyone brings danger to all" and "Pollution by corruption leads to our destruction" emphasised on how corruption impacts the development of a country.






## Itdc conducted a declamation contest 'samvidhan ki samajh ke aene mein bhartiye samaaj' as a part of its year-long celebration of constitution day at the ashok hotel

ITDC conducted a declamation contest 'Samvidhan ki samajh ke aene m bhartiye samaaj' on October 28, 2020 at The Ashok Hotel as a part of its celebration of Constitution Day, observed on November 26 every year. The Chief Guest for the session was Prof. Shri. Hansraj Suman, Faculty, Delhi University. ITDC conducted various activities, events, and competitions as a part of the year-long celebration on the occasion of the 70th anniversary of the adoption of the Constitution of India last year.

# तिमाही विशिष्ट

## एआईएचएंडटीएम के छात्रों के लिए स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

अशोक आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंध संस्थान (एआईएचएंडटीएम) में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सतर्कता के महत्व पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए, छात्रों द्वारा चयनित नारों, जैसे "सभी की सतर्कता सभी के लिए सुरक्षा है, किसी की लापरवाही सभी के लिए खतरा पैदा करती है" और "भ्रष्टाचार से प्रदूषण हमें विनाश की ओर ले जाता है" ने इस बात पर जोर दिया कि भ्रष्टाचार किसी देश के विकास को कैसे प्रभावित करता है।






## संविधान दिवस के अवसर पर आईटीडीसी ने अपने वर्ष-भर के आयोजन के भाग के रूप में दि अशोक होटल में भाषण प्रतियोगिता 'संविधान की समझ के आईने में भारतीय समाज' संचालित की

आईटीडीसी ने प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को मनाए जाने वाले संविधान दिवस के समारोह के भाग के रूप में 28 अक्टूबर, 2020 को दि अशोक होटल में 'संविधान की समझ के आईने में भारतीय समाज' विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। सत्र के मुख्य अतिथि प्रोफेसर श्री हंसराज सुमन, संकाय, दिल्ली विश्वविद्यालय थे। आईटीडीसी ने पिछले साल भारत के संविधान को अपनाने की 70 वीं वर्षगांठ के अवसर पर वर्ष-भर चलने वाले समारोह के भाग के रूप में विभिन्न गतिविधियों, कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।

## Quarter Highlights



### Ashok Institute of Hospitality & Tourism Management (AIH&TM) Introduces an Exclusive Course To Promote Entrepreneurship In The Tourism & Hospitality Industry

Ashok Institute of Hospitality & Tourism Management (AIH&TM) introduced a tailor-made program in 'Entrepreneurship Development' exclusively designed for the graduates in the tourism & hospitality industry. Under the 'Entrepreneurship Development Programme', graduates from hotel management institutes as well as recently unemployed and other experienced hospitality professionals would be provided with non-financial support for running a catering and other hospitality-related establishments.

### Renowned Chef Arvind Rai from The Ashok Hotel, New Delhi Receives 'The Golden Hat' By Indian Culinary Forum

Chef Arvind Rai, Senior Executive Chef, The Ashok Hotel was honoured with 'The Golden Hat' award at the recently held 17th Annual Chef Awards to commemorate the International Chefs Day by Indian Culinary Forum (IFC).




## तिमाही विशिष्ट



### अशोक आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंध संस्थान (एआईएचएंडटीएम) ने पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष पाठ्यक्रम शुरु किया।

अशोक आतिथ्य एवं पर्यटन प्रबंध संस्थान (एआईएचएंडटीएम) ने पर्यटन और आतिथ्य उद्योग में स्नातकों के लिए उनके अनुकूल विशेष रूप से तैयार किए गए 'उद्यमिता विकास' कार्यक्रम शुरु किया। 'उद्यमिता विकास कार्यक्रम' के तहत, होटल प्रबंधन संस्थानों के स्नातकों के साथ-साथ हाल ही में बेरोजगार और अन्य अनुभवी आतिथ्य पेशेवरों को खानपान और अन्य आतिथ्य संबंधित स्थापनाएं चलाने के लिए गैर-वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

### अशोक होटल, नई दिल्ली के प्रसिद्ध शेफ अरविंद राय ने भारतीय कलिनरी फोरम द्वारा 'दि गोल्डन हैट' प्राप्त की

शेफ अरविंद राय, वरिष्ठ कार्यपालक शेफ, दि अशोक होटल को भारतीय कलिनरी फोरम (आईएफसी) द्वारा अंतरराष्ट्रीय शेफ दिवस मनाने के लिए हाल ही में आयोजित १७वें वार्षिक शेफ अवार्ड्स में 'दि गोल्डन हैट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



## Quarter Highlights



### ITDC Signs MOU with Andhra Pradesh State Skill Development Corporation to Set-Up 'Centre of Excellence'


India Tourism Development Corporation (ITDC) and Andhra Pradesh State Skill Development Corporation (APSSDC), in an attempt to further enhance skilled youth in the hospitality sector, signed a MoU, on November 12, 2020, for setting-up a 'Centre of Excellence' in the state. With an aim to bridge the gap in the hospitality industry, ITDC will be responsible for designing and developing courses as well as curriculum for hospitality education and providing training to students registered with APSSDC. ITDC will also provide valuable inputs to APSSDC in teaching/training methodology.

### ITDC to Provide Catering Services To Parliament House

India Tourism Development Corporation (ITDC) has been entrusted with providing catering services to the Parliament house, beginning November 16, 2020. ITDC is fully equipped to provide services to the stakeholders while adhering to the safety and hygienic standards and protocols. Prior to ITDC, Northern Railways were responsible for providing the catering services in Parliament house complex since 1968.



## तिमाही विशिष्ट



### आईटीडीसी ने आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम के साथ 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए


भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) और आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) के साथ आतिथ्य क्षेत्र में कुशल युवाओं को बढ़ाने के प्रयास में, राज्य में 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना के लिए 12 नवंबर, 2020 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आतिथ्य उद्योग में अंतर को कम करने के उद्देश्य से, आईटीडीसी पाठ्यक्रमों को  तैयार करने और विकसित करने साथ-साथ एपीएसएसडीसी में पंजीकृत छात्रों को आतिथ्य शिक्षा के लिए पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिम्मेदार होगा। आईटीडीसी, शिक्षण/प्रशिक्षण पद्धति में एपीएसएसडीसी को बहुमूल्य इनपुट भी प्रदान करेगा।

### आईटीडीसी संसद भवन को खानपान सेवाएं प्रदान करेगा

भारत पर्यटन विकास निगम (आईटीडीसी) को 16 नवंबर, 2020 से संसद भवन में खानपान सेवाएं प्रदान करने का काम सौंपा गया है। आईटीडीसी, सुरक्षा और स्वच्छता मानकों और प्रोटोकॉल का पालन करते हुए हितधारकों को सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरी तरह से सुसज्जित है। आईटीडीसी से पहले, उत्तर रेलवे 1968 से संसद भवन परिसर में खानपान सेवाएं प्रदान कर रहा था।



# पर्यटन और आतिथ्य के क्षेत्र का सबसे विश्वसनीय ब्रांड




होटल व खानपान | कॉन्फ्रेंस व सम्मेलन | शुल्क मुक्त खरीदारी
एयर टिकटिंग | यात्रा व परिवाहन | कार्गो हैंडलिंग
आतिथ्य शिक्षा एवं प्रशिक्षण | समारोह प्रबंधन | प्रचार एवं परामर्श
पर्यटन अवसंरचना परियोजनाएं | ध्वनि व प्रकाश प्रदर्शन | प्रिंट प्रोडक्शन

**भारत पर्यटन विकास निगम लि.**
**India Tourism Development Corporation Ltd.**
(फास्टेस्ट ग्रोइंग मिनी-रत्ना पीएसयू 2015 - डीएसआईजे)


पंजीकृत कार्यालय : स्कोप कॉम्प्लेक्स, कोर 8, छठा तल, 7 लोदी रोड, नई दिल्ली–110003 भारत
दूरभाष : +91-11-24360303 फैक्स : +91-11-24360233 ई–मेल : sales@itdc.co.in वेबसाइट : www.itdc.co.in